पंजाब केसरी
WED,24 DECEMBER 2025
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 4

# राज्य मुक्त विद्यालय के परिणाम घोषित

धर्मशाला, 23 दिसम्बर (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा, पारदर्शिता एवं समयबद्ध प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय की कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की सितम्बर 2025 में आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन परीक्षाओं का परिणाम 23 दिसम्बर 2025 को घोषित किया गया है, जिसमें कक्षा 8वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.75, कक्षा 10वीं का 63.48 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का 65.66 प्रतिशत दर्ज किया गया है।


इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के लिए तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी पुन: जांच के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1000 रुपए प्रति विषय एवं पुन: जांच शुल्क 800 रुपए प्रति विषय निर्धारित किया गया है।

इच्छुक अभ्यर्थियों को यह आवेदन केवल अपने संबंधित हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय स्टडी सैंटर के माध्यम से ऑनलाइन 7 जनवरी 2026 तक करना होगा।

इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों का परिणाम री-अपीयर अथवा पास घोषित हुआ है और जो री-अपीयर या इम्प्रूवमैंट परीक्षा (मार्च 2026 सत्र) में शामिल होना चाहते हैं, वे 27 दिसम्बर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के अपने स्टडी सैंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## शीतकालीन विद्यालयों की अनुपूरक परीक्षाओं को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**शीतकालीन** विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के रोके गए परीक्षार्थियों की अनुपूरक परीक्षाओं की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।



इस विषय में बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उपनिदेशकों (प्रारंभिक शिक्षा) को प्रश्न पत्रों की मांग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय एवं शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के रोके गए विद्यार्थियों की अनुपूरक परीक्षाओं के प्रश्न पत्र समर सत्र मार्च 2026 के प्रश्न पत्रों के साथ ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। संबंधित उपनिदेशकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ब्लॉकवार एवं स्कूलवार रोके गए विद्यार्थियों की सूची निर्धारित प्रपत्र के अनुसार एक्सेल फॉर्मेट में सॉफ्ट कॉपी तैयार कर 20 जनवरी 2026 तक बोर्ड कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से अनिवार्य रूप से भेजें, ताकि प्रश्न पत्रों का मुद्रण समय पर सुनिश्चित किया जा सके। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि प्रश्न पत्र शुल्क केवल निजी विद्यालयों के लिए निर्धारित किया गया है तथा यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्न पत्रों की मांग नहीं भेजी जाती है तो प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य अथवा मुख्याध्यापक एवं उपनिदेशक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

Divya Himachal 24-12-2025

# एसओएस 12वीं में 64.75 फीसदी पास

## परीक्षा परिणाम जारी, आठवीं का 65.66, दसवीं का 63.48 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**नगर संवाददाता- धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल (एचपीएसओएस) की सितंबर 2025 सत्र की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह परीक्षाएं कक्षा आठवीं, दसवीं और 12वीं के लिए सफलतापूर्वक आयोजित की गई थीं। **कक्षा आठवीं:** अधिसूचना के अनुसार, कक्षा आठवीं में कुल 265 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें से 174 पास हुए व 64 को री-अपीयर की श्रेणी में रखा गया है। उत्तीर्ण प्रतिशत 65.66 प्रतिशत रहा। **कक्षा दसवीं:** कुल 9428 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 5985 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इस कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 63.48 प्रतिशत रहा। वहीं 3018 अभ्यर्थियों को री-अपीयर होना होगा। **कक्षा 12वीं:** परीक्षा में कुल 9481 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 6139 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.75 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जबकि 2934 अभ्यर्थियों को री-अपीयर होना होगा। इसके अतिरिक्त, जिन परीक्षार्थियों का परिणाम री-अपीयर या पास घोषित हुआ है और जो सुधार या पुनः परीक्षा देना चाहते हैं, वे मार्च 2026 सत्र के लिए 27 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 के बीच बिना किसी लेट फीस के आवेदन कर सकते हैं।

- इंप्रूवमेंट या री-अपीयर के लिए 27 से 12 जनवरी के बीच करना होगा आवेदन

**री-चैकिंग** बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं और 12वीं के वे अभ्यर्थी जो अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, वे री-इवेल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के अभ्यर्थी री-चैकिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि सात जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### फीस तय

री-इवेल्यूएशन शुल्क एक हजार रुपए प्रति विषय तथा री-चैकिंग शुल्क आठ सौ रुपए प्रति विषय निर्धारित किया गया है।

### मार्च में मिलेंगे प्रश्न पत्र

**स्कूल शिक्षा** बोर्ड ने शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों के सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पांचवीं और आठवीं के अनुत्तीर्ण या रोके गए (डिटेंड) विद्यार्थियों की अनुपूरक परीक्षाओं को लेकर सूचना जारी की है। प्रश्न पत्र ग्रीष्मकालीन सत्र (मार्च) की परीक्षाओं के साथ ही उपलब्ध कराए जाएंगे। बोर्ड ने सभी प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशकों से खंडवार और स्कूलवार छात्रों का विवरण मांगा है। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि सरकारी और निजी स्कूलों के रोके गए छात्रों की सॉफ्ट कॉपी एक्सेल फॉर्मेट में 20 जनवरी तक भेजी जाए।

Dainik Jagran 24-12-2025

# एसओएस का आठवीं, 10वीं व जमा दो का परिणाम घोषित

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) की आठवीं, 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया। ये परीक्षाएं सितंबर 2025 में हुई थीं।


बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि आठवीं कक्षा का परिणाम 65.68, 10वीं का 63.48 व 12वीं का परिणाम 64.75 प्रतिशत रहा। आठवीं कक्षा में 265 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 174 उत्तीर्ण हुए। दसवीं कक्षा में 9,428 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 3018 उत्तीर्ण हुए। 12वीं कक्षा में 9,481 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 6,139 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। वहीं 10वीं व 12वीं कक्षा के जो विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन व री-चेकिंग के लिए संबंधित राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों के माध्यम से आनलाइन सात जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। 10वीं व 12वीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन के लिए शुल्क 1,000 रुपये प्रति विषय निर्धारित किया है। आठवीं, 10वीं व 12वीं कक्षा में री-चेकिंग के लिए शुल्क 800 रुपये प्रति विषय निर्धारित किया है। जिन अभ्यर्थियों का परिणाम री-अपीयर या पास घोषित हुआ है और जो एक वर्ष के भीतर सुधार या दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं, वे मार्च 2026 सत्र के लिए 27 दिसंबर से 12 जनवरी तक संबंधित राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों के माध्यम से बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

Dainik Jagran 24-12-2025

# एसओएस 8वीं, 10वीं, प्लस टू कक्षा का रिजल्ट घोषित

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन ने दी जानकारी, सितंबर में आयोजित की गई थी परीक्षा

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह



डा. राजेश शर्मा

धर्मशाला, 23 दिसंबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 23 दिसंबर 2025 को घोषित कर दिया गया है। इन कक्षाओं की परीक्षाएं सितंबर 2025 में आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणामों के अनुसार कक्षा 8वीं का परिणाम 65.66, कक्षा 10वीं का 63.48 तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 64.75प्रतिशत रहा। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के जो छात्र पुनर्मूल्यांकन तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं छात्र जो पुनः जांच के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे अपने आवेदन केवल अपने संबंधित एसओएस अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन सात जनवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क 1000 प्रति विषय तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के लिए पुनः जांच हेतु शुल्क 800 प्रति विषय निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त, जिन अभ्यर्थियों का परिणाम री-अपीयर अथवा पास घोषित हुआ है और जो एक वर्ष के भीतर सुधार अथवा पुनः परीक्षा देना चाहते हैं, वे मार्च 2026 सत्र के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी तक अपने संबंधित अध्ययन केंद्रों के माध्यम से, बिना किसी विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## मार्च व अप्रैल में होगी प्रभाकर, प्राक-शास्त्री प्रथम और द्वितीय वर्ष, आचार्य प्रथम और द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं

**सवेरा ब्यूरो, शिमला :** एचपीयू प्रभाकर, प्राक-शास्त्री प्रथम और द्वितीय वर्ष, आचार्य प्रथम और द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं मार्च व अप्रैल 2026 के महीने में आयोजित की जाएंगी। उपरोक्त परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म और शुल्क उप रजिस्ट्रार परीक्षा अनुभाग एचपीयू कार्यालय में 15 जनवरी तक भेजने होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल ने बताया कि 25 जनवरी के बाद विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार विलंब शुल्क लागू होगा। परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।